Treaty. Both sides agreed to take up the above issues at the appropriate level of the two Governments.

मध्य प्रदेश में वृहत और मध्यम श्रेणी की सिंचाई परियोजनाएं

153. **श्री राघवजी:** क्या **जल संसाधन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) मध्य प्रदेश में वर्ष 1996-97 के दौरान वृहत और मध्यम श्रेणी की कौन-कौन सी सिंचाई परियोजना निर्माणाधीन थी और वर्ष 1996-97 के दौरान सरकार द्वारा प्रत्येक परियोजना को प्रदान की गयी अनुदान राशि का ब्यौरा क्या है;

(ख) वर्ष 1996-97 के दौरान राज्य सरकार द्वारा केन्द्रीय सरकार को अनुमोदन हेतु भेजी गयी वृहत और मध्यम श्रेणी की सिंचाई परियोजनाओं के नाम क्या-क्या हैं और प्रत्येक परियोजना की वर्तमान वस्तुस्थिति के साथ ब्यौरा क्या है; और

(ग) वर्ष 1996-97 में मध्य प्रदेश में वृहत और मध्यम श्रेणी की किन-किन परियोजनाओं को केन्द्रीय सरकार ने मंजूरी दी थी?

जल संसाधन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री शीश राम ओला): (क) मध्य प्रदेश की निर्माणाधीन वृहद, मध्यम और विस्तार, नवीकरण और आधुनिकीकरण सिंचाई परियोजनाओं का ब्यौरा देने वाला विवरण संलग्न है। (नीचे **देखिए**)। केन्द्रीय सहायता ब्लॉक ऋणों/अनुदानों के रूप में दी जाती है जो किसी परियोजना अथवा विकास के किसी क्षेत्र से जुड़ी नहीं होती है। तथापि, वर्ष 1996-97 के दौरान मध्य प्रदेश सरकार की तीन परियोजनाओं अर्थात बाण सागर बहुउद्देशीय परियोजना (23.25 करोड़ रु०), इन्दिरा सागर (37.50 करोड़ रु०) और अपर वेनगंगा (2.50 करोड़ रु०) के लिए त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम के अंतर्गत 63.25 करोड़ रुपये की केन्द्रीय ऋण सहायता दी गई।

(ख) वर्ष 1996-97 के दौरान 211.92 करोड़ रु० की अनुमानित लागत को केवल अपर नर्मदा परियोजना तकनीकी-आर्थिक मूल्यांकन के लिए मध्यप्रदेश सरकार से प्राप्त हुई है। राज्य सरकार द्वारा विभिन्न तकनीकी-आर्थिक मुद्दों को हल करना अपेक्षित है।

(ग) वर्ष 1996-97 के दौरान मध्य प्रदेश की किसी परियोजना को निवेश स्वीकृति नहीं दी गई है।

विवरण

वर्ष 1996-97 के दौरान मध्य प्रदेश की चल रही वृहद, मध्यम और विस्तार, नवीकरण और आधुनिकीकरण परियोजनाओं का ब्यौरा

करोड़ रु० में/हजार हेक्टेयर में

क्र०सं०	परियोजनाओं का नाम	अद्यतन अनुमानित लागत	3/96 तक संचित व्यय
1	2	3	4
	वृहद परियोजनाएं		
1.	हसदेव बांगों	858.31	536.93
2.	महानदी जलाशय	1296.14	382.70
3.	ऊपरी वेनगंगा	176.53	165.13
4.	थानवर	24.40	23.82
5.	कोलार	185.00	162.26
6.	पैरी	33.54	25.83
7.	जोंक	46.38	30.82
8.	कोदार	49.82	30.65

करोड़ रु० में/हजार हेक्टेयर में

क्र०सं०	परियोजनाओं का नाम	अद्यतन लागत	3/96 तक संचित व्यय
1	2	3	4
9.	सिंध फेज-I	56.43	41.05
10.	सम्राट अशोक सगान (हलाली)	24.71	22.00
11.	उर्मिल (आई०एस०)	16.50	14.98
12.	बाण सागर (आई०एस०) यूनिट-I (उ० प्र० और बिहार)	936.00	327.10
	यूनिट-II	529.00	123.26
13.	राजघाट (आई०एस०) यूनिट-I	133.50	111.04
	यूनिट-II	309.21	91.28
14.	बरियारपुर एल०बी०सी०	143.00	49.69
15.	बावनथाटी (आई०एस०)	161.49	19.64
16.	माही	129.70	41.25
17.	तवा	140.00	134.51
18.	इन्दिरा सागर	1574.30	190.43
19.	मान	90.00	62.64
20.	जोबत	61.68	30.21
21.	रानी अवन्ति बाई सागर (बारगो)	742.84	369.57
22.	महान	103.14	29.83
	मध्यम परियोजनाएं		
1.	चंदोरा	16.50	15.66
2.	बुंदाला	15.00	14.07
3.	मटियारी	60.16	49.49
4.	डेजला देवादा	50.12	43.56
5.	मटियामोती	20.00	18.33
6.	छिरपानी	31.85	34.52
7.	पिपरिया नल्ला	13.73	12.20
8.	शिवनाथ डाइवर्जन	12.13	8.51
9.	बलार	10.90	10.59
10.	कलियासोती	55.63	51.04
11.	तिल्लार	36.59	36.76
12.	छोरल	32.18	32.16
13.	धोलावाद	18.18	18.23
14.	कन्हारगांव	15.27	16.83

करोड़ रु० में/हजार हेक्टेयर में

क्र०सं०	परियोजनाओं का नाम	अद्यतन लागत	3/96 तक संचित व्यय
1	2	3	4
15.	बंजार	7.74	6.60
16.	घुंनुघट्टा	44.22	38.20
17.	बांकी	13.33	13.66
18.	गोमुख	35.13	30.67
19.	राजगढ़	19.70	11.18
20.	बुधना	21.60	20.92
21.	बरनई	15.4.	10.40
22.	लखुंदर	27.40	17.09
23.	रामपुर खुर्द	11.70	11.10
24.	गोपाद एल०आई०एस०	10.92	9.80
25.	बांदिया नल्ला	12.20	4.78
26.	गेज	29.86	13.68
27.	मांद डाइवर्जन	46.59	20.1
28.	बिलासपुर डाइवर्जन	6.30	0.41
29.	कासेरतेदा	35.03	7.96
30.	कुन्वारी लिफ्ट	3.80	0.31
31.	महूआर	43.67	4.46
32.	बाह	52.40	3.39
33.	सागर	32.80	1.19
34.	सांक-सुवर्णरेखा लिंक	13.80	1.84
	विस्तार/नवीकरण/ आधुनिकीकरण योजनाएं		
1.	सिंघ फेज-II	607.04	66.05
2.	ह्रारसी का आधुनिकीकरण	24.80	8.52
3.	सिंघ-रेसोवा लिंक	21.71	5.93
4.	चंबल लिफ्ट	23.96	3.83